SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY (KHAMMAM): Mr. Chairman Sir, I rise to thank the hon. President for his Address before the commencement of this Session. We are today sitting here collectively, hopefully also that we will introspect, use this opportunity to see where we are supposed to reach; directions which have been given but not been addressed.

I was dismayed to see that we have spoken of people who have died defending Parliament. Our heartfelt condolences to all those valiant men and women who defended our Parliament House. But no word has been said, not even one passing reference to the hundreds of soldiers who died protecting millions of unknown Indians, not one word has been addressed to families who have fed this country and who have no recourse other than to commit suicide, not one word has been referred to hundreds of women who have been compelled to die because they were less dispensable than any other commodity. I wish to take this opportunity to condole all those people who have died for this country because of problems that have been addressed and work that has not been done.

I was also dismayed to see that the President had referred to the Ayodhya dispute and he said that the maintenance of communal harmony and adherence to the secular ideals of our Constitution are the bedrock of our national ethos.

Is it then that this act of governance, this politics of convenience, this coalition of compromises that has been cobbled together by virtue of not being elected to power en bloc now suffer from the lack of governance, the inability to be able to see India as a cohesive whole? The fact that some of the people here wanted to be patted on the back that yesterday passed off peacefully, how tragic, how the mighty fall! Yesterday was not an achievement; it was an aberration, an obscenity that has been put on to this nation that though we, the people, as we are empowered by the Constitution, we Indian, now speak with forked tongue on the floors of this Parliament that we talk of atrocities against the *Muslims* and the *Hindus,* but we do not talk about dividing a secular nation.

The first failure of this Government starts there that there has been no understanding, no comprehension of what it means to govern. The principles of governance are by the people, for the people. You are here to serve and not to rule and hence by default, you misrule. We have allowed this country, even as we are being threatened on our borders by the enemies around, that they have the audacity to advance. Why do they do that with this Government in rule? It is because they know the inherent weaknesses of our system. If they do not, then we take good care to inform them.

Ayodhya has denigrated the status of our country, not just internally but externally too. People have called from all over the world to ask what is happening, what on earth is happening inside India. We are talking about controlling terrorism. Is this the time for our organizations to get up and start building temples and transporting pillars even as we see our enemies advancing towards us? Is this the kind of security that we spell to the nation? Is this the kind of assurances you are going to give your students who are not going to be eligible to participate in half the entrance exams? Is this the education system that we propagate to our youths? The day we stopped talking about socio-economic development of the country, we forgot the social responsibilities of what it means to govern in our country.

There is only a cursory mention of women--women of 50 per cent of the population--in the Address. We do not want women in Parliament to replace men because that would only mean that we lack ambition. We want to be participating in decision-making because it affects our lives as well. What kind of governance is this that they keep 50 per cent of the population out from decision-making, and men make decisions that affect our lives? You do not do this with the Scheduled Castes. You do not do this with the Scheduled Tribes. You do not do this with the minorities but you do it with women. You leave out half the country and you do not want to empower them in Parliament.

The President made mentions of women in the *Panchayat.* Sir, the credit for this goes to late Shri Rajiv Gandhi who put his money where his mouth was. He said: "Women need to be coming into decision-making." One million women went to poll during the *Panchayati Raj* elections. Today in the country at grass-root level, we have women participating in decision making yet Parliament is not going to see the light of the day of the Women's Empowerment Bill. These are women whose 16.5 million children are involved in hazardous jobs.

These are women against whom science and technology has discriminated and amniocentesis ensures that female foeticide takes place, that girl children are not even allowed to be born as a result of which we have a sex ratio

drop. There are fewer women today in the country than a few years ago. These are women who are denied property rights. These are women who are shifted to in-laws' homes and seen as transferable commodities. These are women against whom crime is perpetrated in rising percentage every year. This is the plight of women that the Supreme Court had to take cognisance and declare them as natural guardians of children but not the Government of India. This is the status of women and Rashtrapatiji was forced not to acknowledge that, by giving us this passing reference, this trivial acknowledgement of us being half of this country, of us being the nurturers of Prime Ministers and of us being the mothers of politicians. Along with us, we carry our children and hence the youths of this country. This Address has not even referred to the youths. The educated unemployed youths of our country have no direction to go other than to implode within our nation. The jobs are non-existent. Let us forget about one crore jobs or whatever it is, the Government has taken away one crore jobs through closure of public sector undertakings, lack of FDI investments within our country, non-establishment of industry that promotes employment and absolutely no awareness of self-employment. You have not even taught the youths that they could be self-employed. Instead of changing history and writing questionable historic facts, why is it that you have not done away with the BAs and MAs that are obsolete? Why is it that you have not addressed unemployment along with compulsory education and vocational guidance and counselling for the youths? Why is it that MPLADS funds could not be used as medium credit for self-help groups comprising of educated unemployed youths in rural areas? Why is it that we cannot give them credit even as we give micro credit to women? These issues need to be addressed. Unemployment being mentioned here is not the answer. We want solutions to the unemployment problem. It lies in the SSI sector of industry. It is only the small scale sector that needs to be motivated to have agricultural linkages so that we can keep our rural youths employed. This would answer or address this problem and give you a part solution.

When we come to agriculture, it is a farce that people celebrate our buffer stock. This Government has no idea of how many hectares of land have been shifted from food crops to cash crops. You are not aware that your intentions and postures do not get reflected in your Budgets. The pittance that you have given for agriculture today in India is a national shame. You want the farmers to gear up to deal with the WTOs but they still wait on the roadside for post-harvest technologies, for trucks to go over their dry crops so that they can harvest it, because no other facilities are given to them. Women in rural areas cannot access credit, if the man dies. Seventy-two farmers have killed themselves just in the month of February, in the district of Anantapur in Andhra Pradesh. Has this Government addressed the socio-economic causes of what happens to the farmers?

15.00 hrs. (Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)

When you have a myopic vision, when you cannot see the truth and when you would not address the reality, we are really left to the care of God. Perhaps Ram has to give the solutions for this Government to continue because the people do not see this Government in continuation.

We are all children of destiny, but in our lifetime, we remain accountable to the people of this country. You have not been empowered to rule. You have got together this act so that you can fool the people of this country to suit your own limited political aims. You do not know what it is to attain freedom for this nation. You know even less how to respect the women of this country. Your behaviour is only a reflection of your governance and we can see the future of yours in the temples, in the churches and in the mosques because in this country, Indians pray together, they celebrate festivals together and they die together. May the truth prevail '*Satyameva Jayate*'. *Jai Hind.*

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, राट्रपति जी के अभिभाण पर जो धन्यवाद प्रस्ताव है, इस प्रस्ताव का जिस तरह से मैं विरोध करने के लिए खड़ा हूं, उसी तरह से कल अयोध्या में और पूरे देश में शांति बनाये रखने में हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो कदम उठाए, उसके लिए मैं उसका धन्यवाद भी करता हूं। लेकिन मैं इस बात का विरोध भी करता हूं कि हमारा देश सैकुलर देश है, नेशनल इंटीग्रिटी को मजबूत करने के लिए हम यहां आये हैं और प्रधान मंत्री जी बहुत कुछ करना चाहते हैं मगर समस्या ऐसी है कि हाउस में उन्हें 24 पार्टीज ने घेर लिया है और बाहर भी जाते हैं तो वीएचपी और संघ परिवार घेर लेता है तो वह तो कुछ करना भी चाहते हैं, वह गरीबों की भलाई करना चाहते हैं,

अटल जी गरीबों की चाहते हैं भलाई,

तो आपको करनी होगी अमीरों की कलई,

समता,ममता, टीडीपी और डीएमके को ही,

आप दे रहे हैं सारी मलाई,

इसलिए अटल जी, ढ़ाई साल तक आपने सरकार चलाई,

अगर ये मलाई न देते तो सरकार भी नहीं चल पाती,

आपने तो ढ़ाई साल सरकार चलाई,

मगर ढ़ाई साल में वीएचपी और संघ परिवार ने,

आपकी अस्मिता मिट्टी में मिलाई,

क्योंकि वे नहीं चाहते आपकी भलाई।

मेरा कहने का मतलब यह है कि हम सब लोग यहां आये हैं और चार साल से मैं देख रहा हूं कि राट्रपति जी के अभिभााण पर चर्चा होती है, राट्रीय एकता की बात हम लोग करते हैं और इतना होने के बावजूद भी अपनी पार्लियामेंट पर 13 दिसम्बर को हमला हुआ। हम सब लोगों द्वारा मिलकर विरोध करने से, बातें करने से इसका हल नहीं होने वाला है। हम चाहते हैं कि पाकिस्तान ने जो आतंकवाद हमारे देश में बढ़ाया है, इसके लिए हमें पाकिस्तान को सबक सिखाने की आवश्यकता है। इसलिए अटल जी, जो आर्मी वहां है, उसको काम दिया जाये, वे लोग खाली बैठकर क्या करेंगे? आपने आर्मी वहां भेज दी है और पाकिस्तान के आतंकवादी यहां पार्लियामेंट में आते हैं और पार्लियामेंट में आकर हमारे देश में हमला करने का प्रयत्न करते हैं। इसका मतलब हमारे देश की अस्मिता पर हमला कर दिया और इसके बावजूद भी इतने दिन हो रहे हैं, तीन महीने हो रहे हैं, हम लोग चुपचाप हैं। इसीलिए हम निवेदन करना चाहते हैं कि आपको डरने की कोई बात नहीं है।

पाकिस्तान के साथ लड़ाई में हम आपके साथ हैं। अगर आप पाकिस्तान के साथ लड़ाई चाहते हैं, तो सोनिया जी हों, मुलायम सिंहजी हों, सोमनाथ चटर्जी जी हों या मैं, सब लोग आपके साथ हैं। आप पाकिस्तान से लड़ाई करने के लिए तैयार हैं, तो हम सब लोग ताकत देकर आपके साथ रहेंगे। इसलिए आपको कुछ-न-कुछ करने की आवश्यकता है। अगर आप पाकिस्तान के साथ लड़ाई नहीं करेंगे, तो हम आपके साथ नहीं रहेंगे. पाकिस्तान के साथ लड़ाई करने के लिए हम एक हैं। मैं इतना ही कहना चाहता हूं

" सरकार को चलाते-चलाते, अटल जी आपको हो गए साढ़े तीन साल।

और साढ़े तीन साल में देश का हो गया है बुरा हाल।

अगर हम एक साथ मिलकर चलेंगे, बहुत बड़ी चाल।

तो एनडीए के कुछ मित्रों पर, हम डाल देंगे अपना जाल।"

महोदय, अयोध्या के बारे में हमारा इतना ही कहा है, राम मंदिर से हमारा कोई विरोध नहीं है। आप हमेशा कहते हैं कि हम राम-मंदिर का विरोध करते हैं, हिन्दुओं का ि वरोध करते हैं। अगर हम हिन्दुओं का विरोध करेंगे, तो राज कैसे चलेगा. हिन्दुओं का विरोध करके हम राज नहीं चला सकते हैं। हमारा विरोध हिन्दुत्व से है, जातिवाद से है। अगर आप लोग राट्रीय एकात्मता चाहते हैं, एक भारत चाहते हैं, तो गांव-गांव मे होने वाले अत्याचारों को खत्म करिए। जातिवाद को खत्म करने का नारा, अटलजी, आप दे दीजिए। जातिवाद को खत्म करते हुए, सब लोगों को एक साथ आने की आवश्यकता है। अगर कोर्ट का फैसला नहीं है, तो उस जगह राम-मंदिर नहीं बना सकते हैं। अगर आप राम मंदिर बनाने की कोशिश करेंगे, तो हम पूरे देश के मुसलमानों को लेकर जायेंगे, वहां मस्जिद बनाने का प्रयत्न कर सकते हैं। हमारा विरोध राम-मंदिर से नहीं है। राम-मंदिर बनाइए, लेकिन मस्जिद को तोड़कर राम-मंदिर का निर्माण करना भारतीय संविधान के खिलाफ है। अगर आप इतिहास में जाना चाहते हैं और कुछ लोग कहते हैं कि 1947 में वहां मस्जिद थी, तो वहां पहले बुद्धिट थे, इसलिए वहां बुद्ध विहार हो सकता है। इतिहास में नही जाना चाहते हैं, और कहते हैं कि वहां राम मंदिर था, तो उपाध्यक्ष महोदय, राम का जन्म वहा हुआ, इसका कोई प्रुफ

है? राम का जन्म अयोध्या में हुआ और बाल्मिकी रामायण एक हिस्ट्री है, आप लोग राम को मानते हैं, तो मानें, मानने का अधिकार आपको बाबासाहिब भीवराम अम्बेडकर जी ने संविधान में दे दिया। आप राम को मानें, कृण को माने, किसी अन्य को मानें, लेकिन आपको राम के इतिहास के बारे में सोचने की आवश्यकता है। खाली झगड़े से काम चलने वाला नहीं है। हमको झगड़ा नहीं करना है। इसलिए हम आपसे कहेंगे, आप रामचन्द्र परमहंस, अशोक सिंघल और गिरिराज किशोर इनको समझाइए, क्योंकि ये दाढ़ी वाले हैं और मैं भी दाढ़ी वाला हूं। राम-मंदिर बनायेंगे, लेकिन जब तक सुप्रीम कोर्ट का फैसला नहीं आता है, तब तक आप राम मंदिर नहीं बना सकते हैं। मैं इतना ही कहना चाहता हूं। â€¦ (व्यवधान)

महोदय, इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

1510बजे

श्री सुकदेव पासवान (अररिया) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राट्रपति जी के अभिभााण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का समय दिया, उसके लिए मैं आपका शुक्रगुज़ार हूं। दुनिया के सबसे अच्छे और गौरवशाली भारतीय लोकतंत्र पर 13 दिसम्बर को जो हमला हुआ, उस आतंकवादी हमले में नौ वीर जवानों ने अपनी आहुति दी, उनके प्रति मैं अपने श्रृद्धा सुमन अर्पित करता हूं। लोक सभा के लोकप्रिय अध्यक्ष स्वर्गीय बालयोगी जी की असामयिक मृत्यु से पूरा देश मर्माहत हुआ, मैं उनके प्र ाति श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, जितने भी सरकारी प्रतिठान हैं, वे सभी कुछ दिनों से नहीं बल्कि कई वाँ से अधिकांश घाटे में चल रहे हैं, इसके लिए हम लोगों को निश्चित रूप से सोचना चाहिए। हिन्दुस्तान में जितने भी पिछड़े राज्य हैं, उन राज्यों में सबसे पिछड़ा राज्य बिहार है। जिस तरह पूर्व में झारखंड राज्य को विशो राज्य का दर्जा दिया गया, उसी तरह बिहार राज्य को भी विशो राज्य का दर्जा दिया जाए, क्योंकि अब बिहार राज्य शो बचा है। नेपाल से जो नदियां आती हैं, वहां जो भी फसल लगी होती है, रोड, पुल-पुलिया है, उन सभी को प्रतिर्वा निश्चित रूप से हजारों-करोड़ों रुपए का नुकसान होता है। नेपाल से जो पानी आता है वह पूरे बिहार को क्षतिग्रस्त कर देता है। वहां न बिजली की व्यवस्था ठीक है, न कोई अन्य व्यवस्था ठीक है। इसलिए बिहार को निश्चित रूप से विशो राज्य का दर्जा दिया जाए।

उपाध्यक्ष महोदय, नीतीश जी के राज्य बिहार से जब झारखंड राज्य अलग हुआ तो उनके नेतृत्व में बिहार के जितने सांसद थे वे सभी मिल कर प्रधानमंत्री जी के पास गए कि बिहार को निश्चित रूप से एक पैकेज दिया जाए, क्योंकि बिहार का जो पिछड़ापन है, उसमें उसे आगे बढ़ाने के लिए निश्चित रूप से हमें सहयोग आवश्यक है। लेकिन अभी तक उस पैकेज के विाय में कुछ भी काम आगे नहीं बढ़ पाया है। मैं बिहार के विाय में कहना चाहता हूं कि वहां जो प्राथमिक और माध्यमिक ि वद्यालयों की स्वीकृति मिली थी, उन विद्यालयों की 20-25 साल से बिहार में कोई स्वीकृति नहीं हुई। आबादी दिन-प्रति-दिन बढ़ रही है लेकिन बिहार में एक भी ि वद्यालय की स्वीकृति नहीं हुई। इसलिए गांवों के बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। उन्हें किस प्रकार से शिक्षा मिलेगी? किसानों की जो दुर्दशा है, पंजाब और हरियाणा

में किसानों की स्थिति मजबूत है लेकिन बिहार और अन्य प्रदेशों में किसान संगठित नहीं है। हम भी किसान परिवार से आते हैं, आज किसान की फसल की तरफ कोई भी ध्यान नहीं देता है। पिछले साल किसान के धान को परचेज़ करने वाला कोई नहीं था। हमने लोक सभा में आवाज उठाई कि बिहार में भी क्रय केन्द्र एफसीआई के द्वारा स्थापित हों। किसी भी सरकारी संस्था द्वारा किसानों के धान का परचेज़ हो, लोक सभा में हमें आश्वासन भी मिला, जिला हैड क्वार्टर कहीं-कहीं खुला, लेकिन वहां किसी न किसी कारणवश क्रय केन्द्र न खुलने से किसानों को धान बेचने में कितनी परेशानी हुई, उसका लेखा-जोखा नहीं किया जा सकता है। गरीबी रेखा से नीचे की जो स्थिति पूरे देश में है, खास कर बिहार में जो गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति हैं उनके 30 से 40 प्रतिशत नाम उस सूची में नहीं हैं। केन्द्र सरकार द्वारा एक निर्देश जारी किया गया कि सभी प्रदेशों में गरीबी रेखा से नीचे जो जीवन बसर करने वाले लोग हैं उन्हें सूचीबद्ध किया जाए, लेकिन बिहार में उनका सूचीबद्ध नहीं हो पाया। इसलिए जो गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति हैं उन सभी का नाम सूची में नहीं आ पाया।

उपाध्यक्ष महोदय, सांसदों को दो करोड़ रुपए मिलते हैं, बिहार में तथा कई प्रदेशों में विधायकों को एक-एक करोड़ रुपया मिलता है, हम आपके माध्यम से चाहेंगे कि निश्चित रूप से पांच-पांच करोड़ रुपए प्रत्येक सांसद को मिलें ताकि गांवों का ठीक से विकास हो सके। अयोध्या में 15 मार्च को जो घटना घटने वाली थी, वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बच गई।

अयोध्या में 15 मार्च को राम-सेवकों को घुसने नहीं दिया गया। श्री रामचंद्र परमहंस, विश्व-हिंदू परिाद, माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय गृह मंत्री जी और भारत सरकार के सहयोग से वहां एक भी बाल-बांका नहीं हुआ। इसके लिए मैं सरकार को, विश्व-हिंदू-परिाद को और वहां के सभी लोगों को साधुवाद देना चाहता हूं कि हिंदुस्तान तनाव से बच गया। लोगों के फोन आते थे कि 15 तारीख को अयोध्या में क्या होने वाला है। इसके लिए मैं आपके माध्यम से एनडीए सरकार को बधाई देना चाहता हूं। घटना घटने से बच गयी और पूरा देश साम्प्रदायिकता के तनाव से मुक्त हो गया। इन्हीं शब्दों के साथ मैं राट्रपति जी के अभिभााण का समर्थन करता हूं।

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निाद (मुजफ्फरपुर) : उपाध्यक्ष जी, मैं अपने दल की ओर से बोलने वाला पहला व्यक्ति हू, इसलिए दो मिनट का समय देना हमारे लिए अन्याय होगा।

उपाध्यक्ष महोदय : अभी मैं अन्याय से आपको दो मिनट देता हूं। आपका सारा टाइम एगजॉस्ट हो गया है।

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निाद : उपाध्यक्ष जी, मैं धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। डा. मल्होत्रा जी ने चुनाव सुधारों के बारे में चिंता व्यक्त की है, उसी संदर्भ में मैं कहना चाहता हूं कि जो चुनाव प्रणाली है वह पूर्ण-रूपेण धनबल और बाहुबल की गिरफ्त में आ गयी है।

उत्तर प्रदेश के चुनावों में तकरीबन एक हजार बाहुबलियों ने चुनाव में हिस्सा लिया और देश की जितनी भी राजनैतिक पार्टियां हैं उन्होंने अपराधियों को टिकट देने में हिचक नहीं की। जहां तक अपराधियों और राजनितिज्ञों के तालमेल की बात है तो यह बोगस मतदान और बूथ-कैपचरिंग करने के लिए और जीत कर आने के लिए होता है। यह राजनीतिज्ञों की लाचारी है। अगर बाहुबलियों को वे टिकट नहीं देंगे तो उनकी संख्या नहीं बनेगी। मैं आपके माध्यम से सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं से तथा अपनी सरकार से आग्रह करूंगा कि आप बोगस मतदान और बूथ-कैपचरिंग पर अंकुश लगाएं। लेकिन जो पद्धति है उसमें आपके साथ लाचारी है। आपने देखा कि मुजफ्फर नगर में ही चार बूथों पर पुनः मतदान हुआ। वहां गोली चली और लोगों को वहां जाने से रोका गया। तब भी 83.5 प्रतिशत मतदान हो गया। मेरे कुछ सुझाव हैं जिन्हें मान लिया जाए और जिसमें कानून को भी बदलने की जरूरत नहीं है। अब तो इलैक्ट्रोनिक सिस्टम से वोटिंग हो रही है। पहचान पत्र को एक बक्से में डाला जाए और उसके बाद वोटिंग मशीन का बटन दबाया जाए। गिनती के समय जितने पहचान-पत्र उतने वहां पर वोट गिनने चाहिए। इससे बोगस मतदान नहीं होगा और जितनी आप फोर्स रखते हैं उसकी भी जरूरत नहीं पड़ेगी।

दूसरा कारण है बूथ का रिप्लेसमेंट। बूथ का रिप्लेसमेंट जाली मतदान का कारण हो जाता है। जैसे मुजफ्फर नगर में हुआ। बूथ गांव से काफी दूर था और गांव वालों को जाने नहीं दिया गया। उनको बीच में ही रोक दिया। वहां पर गोली चली और एक आदमी घायल हो गया जिसे अस्पताल ले जाया गया। बूथ का रिप्लेसमेंट होना चाहिए।

आइडेंटिटी-कार्ड जरूरी किया गया है। साल भर तक अगर आइडेंटिटी-कार्ड बनते रहें - इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। जब चुनाव आता है तब चुनाव के दिन से एक महीने पूर्व तक पहचान-पत्र बनते रहें, इसकी व्यवस्था सरकार की तरफ से होनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूं कि जो हमारे एमपीज और एमएलएज इस्तीफा देते हैं वहां पर चुनाव न हो।

बल्कि गत चुनाव में दूसरा स्थान प्राप्त जो प्रत्याशी है, उसे एमएलए या एमपी माना जाए। कहीं चुनाव होते हैं तो विभिन्न पार्टियां सैंटर से प्रत्याशी थोप देती हैं चाहे वह भाजपा हो, कांग्रेस हो या दूसरी कोई पार्टी हो। इसलिए किसी के इस्तीफे के बाद जो दूसरा स्थान प्राप्त प्रत्याशी है, उसे एमएलए या एमपी मान लिया जाए। चुना व कराने से बेवजह सरकार का खर्चा होता है। ऐसी व्यवस्था होने से खर्चा बच जाएगा। पांच साल तक लोक सभा, विधान सभा चले ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए। मध्यावधि चुनावों को रोकने के लिए दलबदल कानून में परिवर्तन लाना जरूरी है। जिस समय सरकार बनायी जाती है उस समय जितनी भी पार्टियां या निर्दलीय मिल कर सरकार बनाते हैं, उन्हें एक यूनिट मानिए। जिस पार्टी की संख्या सबसे अधिक हो, उसे सत्ता पक्ष मानिए। अगर लोक सभा में किसी पार्टी क 272 एमपी होते हैं तो वहां उस पार्टी की सरकार बनती है। यदि 91 एमपी एक साथ अलग होंगे तो वह दलबदल कानून के अन्तर्गत आ जाएंगे। 91 एमपी के हट जाने का मतलब सरकार बेकार है। वे इधर से हटेंगे तो उधर जाएंगे और उधर सरकार बन जाएगी। ऐसे में मध्यावधि चुनाव होने का कोई सवाल नहीं उठेगा। दलबदल कानून के अन्तर्गत पांच साल प्रधान मंत्री या मुख्यमंत्री को अपना दल सम्भालते गुजर जाते हैं। कभी कोई नाराज होकर चला जाता है। ऐसे में वे जन हित का काम करने में लाचार होते हैं। मैं चाहता हूं कि दलबदल कानून के अन्तर्गत संशोधन लाना अनिवार्य है।

जहां तक संसद की सिक्योरिटी का सवाल है, आपने बहुत से गेटों में सिक्योरिटी गाडर्स खड़े किए हैं लेकिन आपने इस बात का ख्याल नहीं किया कि इस सदन में बहुत से रिटायर्ड जनरल हैं जो जीत कर आए हैं। आपको उन लोगों से राय लेनी चाहिए थी। आपने इन्नर गेट की साइड पर निश्चित तौर पर बहुत व्यवधान डाला है लेकिन आउटर साइड पर जो गेट है वह एकदम खुला है। जब आतंकवादी आएंगे तब आपसे परमिशन नहीं लेंगे। वे इन्नर गेट पर आसानी से जा नहीं सकते हैं लेकिन अगर आउटर गेट से एंटर करते हैं तो सीधे संसद पहुंच जाएंगे। जो मुम्बई में आतंकवादी पकड़े गए, उन्होंने कहा था कि संसद पर हमला करने की योजना है। आपको पहले से इसकी जानकारी थी लेकिन आपने कोई ठोस व्यवस्था क्यों नहीं की। इस बात की जांच होनी चाहिए कि जिस अधिकारी को इसकी सूचना थी उसने सिक्योरिटी टाइट करने के लिए क्यों नहीं कहा? अब एनेक्सी में गाड़ी से उतर कर एमपीज को काफी पैदल चलना पड़ता है। एमपीज को तंग करने के लिए ये सब किया जा रहा है। 80-90 साल के एमपीज गाड़ी से उतर कर कैसे पैदल चलेंगे। आप सिक्योरिटी के नाम पर एमपीज को तंग करना चाहते हैं। एअरपोर्ट पर जो सिक्योरिटी हैâ€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Nishad, are we talking about security or President's Address? You are a senior Member. Please stick to the subject.

कैप्टन जय नारायण प्रसाद निाद : जहां तक सिक्योरिटी का सवाल है या दूसरी कोई बात हो, मैं राट्रपति जी के अभिभााण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। राट्रपति का अभिभााण लिखित हो या न हो, वह हिन्दुस्तान की भलाई के लिए होता है इसलिए मैंने अपनी बात आपके सामने रखी। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया) : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिये बहुत-बहुत धन्यवाद।

डा. विजय कुमार मलहोत्रा द्वारा जो प्रस्ताव पेश किया गया है, मैं उसके पक्ष में बोलने के लिये खड़ी हुई हूं। साथ ही मैं लोकसभा के लोकप्रिय अध्यक्ष स्व. श्री बालयोगी को श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं जिनका अकस्मात् निधन हो गया। हमारे लोकतंत्र की रक्षा के लिये देश की सीमाओं पर हमारे जिन-जिन भाई-बहनों ने अपनी जान की कुरबानी दी है, मैं उन सभी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करती हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, चूंकि समय की कमी है, इसलिये मैं बहुत कम समय में अपनी बात रखूंगी। आज देश के अंदर जिस प्रकार की घटनायें घट रही हैं,, चाहे वह गुजरात में गोधरा व अहमदाबाद में हों, चाहे अयोध्या में हों, वे देश के लिये बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यह बहुत ही चिन्ता का विाय है। यहां हमारे पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने मंदिर-मस्जिद के विाय में बहुत सारी बातें कही हैं। मैं कहना चाहूंगी कि हमारे हिन्दुस्तान का हर एक व्यक्ति चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान हो, वे आपस में भाई हैं, हमारे साथी और दोस्त हैं। जिसका भी खून बहेगा, वह हिन्दुस्तानी भाई का खून बहेगा जो उचित नहीं। राम, रहीम, मोहम्मद पैगम्बर और ईसा ये सब महामानव रहे हैं। कौन जानता है कि ये सारे भगवान हैं, अल्लाह हैं जो हमारे कहने से दर्शन दे देंगे और हमारे कहने से इच्छित वस्तु पूरी कर देंगे। इन्होंने समाज और देश के लिये एक आदर्श कायम किया और उन्होंने समाज को अच्छे रास्ते पर चलने के लिये अग्रसर किया है। इकबाल की एक पंक्ति .याद आती है- " मज़हब नहीं सिखाता, आपस में बैर रखना " अगर इकबाल साहब कहीं भी होंगे तो उनकी आत्मा इस बात की दुहाई दे रही होगी कि किस तरह हिन्दुस्तान के लोग झगड़े में लगे हुये हैं और खून बहाने में लगे हुये हैं। मुझे कबीर की एक पंक्ति हिन्दुओं के लिये याद आ रही है;

" पाहन पूजे हरि मिले तो मैं पूजूं पहाड

तासे तो चक्की भली, जाका पीसा खाय संसार।"

इसी तरह मुसलमानों के लिये भी एक पंक्ति कबीर ने कही;

"कंकड पत्थर जोड के मस्जिद लियो बनाय,

ता चढ़ि मुल्लां बांग दे, क्या बहरा हुआ खुदाये।"

उपाध्यक्ष महोदय, आज गरीबों के लिये लड़ने वाला कोई नहीं। गरीबी, बेरोजगारी मिटाने के लिये, निरक्षरता दूर करने के लिये महात्मा गांधी की प्रतिमा पर धरना देने वाला कोई नहीं। आज जम्मू कश्मीर की समस्या हमारे लिये नासूर बनी हुई है। उसके हल के लिये कोई इस सदन में प्रस्ताव नहीं लाता कि इसका हल किस तरह से होगा? लोकतंत्र लाठीतंत्र के रूप में ले लिया गया है। बिहार में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं। आये दिन अपहरण की घटनायें होती रहती हैं। कल ही मेरे क्षेत्र खगडिया में अशोक कुमार जैन एक डाक्टर का अपहरण कर लिया गया है। दस दिन पहले बेगुसराय में एक डाक्टर का अपहरण कर लिया गया। इसके विरोध में आवाज उठाने वाला कोई नहीं। बिहार से सरकार संभल नहीं रही है। ये अपहरण हत्याओं का रूप ले लेते हैं। इस बात के लिये महात्मा गांधी की प्रतिमा के आगे कोई नहीं जाता।

उपाध्यक्ष महोदय, आज देश में जनसंख्या सुरसा की मुंह की तरह बढ़ रही है। क्या इसके लिए संविधान में संशोधन नहीं किया जा सकता ताकि जनसंख्या पर नियंत्रण लगाया जाये। महिलाओं के लिये केवल एक महिला ने आवाज उठाई लेकिन किसी पुरुा ने आवाज नहीं उठाई। क्या महिलाओं के लिये महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना नहीं देना चाहिये?

उपाध्यक्ष महोदय, महामहिम राट्रपति के अभिभााण में किसानों की बात कही गई है। किसान देश की रीढ़ की हड्डी हैं। श्वेत क्रान्ति, ब्लू क्रान्ति और हरित क्रान्ति बढ़ाने के लिये इस देश में जो कुछे होना चाहिये था, पक्ष और विपक्ष की तरफ से कुछ नहीं हो रहा है। इस पर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

उपाध्यक्ष महोदय, राट्रपति जी के अभिभााण में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के विाय में कहा गया है। मैं कहना चाहती हूं कि बिहार में पिछले साल का पैसा खर्च नहीं हुआ है और इस साल का भी बिहार के पास पैसा पड़ा हुआ है। इस योजना में राज्य सरकार को कोई राज्यांश नहीं देना है।

लेकिन वहां की निकम्मी सरकार उस पैसे को खर्च नहीं कर पाती है। इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगी कि उस पैसे को वहां के सांसदों को खर्च करने की इजाजत दे दी जाए, ताकि उस पैसे से जो सड़कें बनाने की बात है, उन सड़कों का निर्माण हो सके। हर साल बिहार को पैसा मिलता है, लेकिन वहां निकम्मी सरकार उस पैसे को खर्च नहीं कर पाती हैâ€¦ (व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : माननीय प्रधान मंत्री जी को बिहार के सभी 60 सांसदों ने मिलकर आर्थिक पैकेज के लिए ज्ञापन दिया था, लेकिन अभी तक कोई पैकेज नहीं मिला।â€¦ (व्यवधान) बिहार से जो यहां मंत्री हैं वे सब नौकरी कर रहे हैं। हमें अभी तक कोई पैकेज नहीं मिला। â€¦ (व्यवधान) बिहार के साथ अन्याय हो रहा है।â€¦ (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : इसे बिहार मत बनाइये। अब आप समाप्त कीजिए।

श्रीमती रेनु कुमारी : उपाध्यक्ष महोदय, बिहार को हर साल नेपाल से निकलने वाली नदियों की बाढ़ तबाह करती है। इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगी कि वह नेपाल सरकार से बात करके इस समस्या को सुलझाएं।

उपाध्यक्ष महोदय, पूरे प्रदेश में हर विधायक को अपने विधान सभा क्षेत्र के डेवलपमैन्ट के लिए हर साल एक करोड़ रुपये की राशि मिलती है, जबकि हमें विधान सभा क्षेत्र के लिए मात्र 33 लाख रुपये मिलते हैं, जो कि बहुत कम राशि है। मैं प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगी कि या तो इस राशि को बढ़ा दें अन्यथा दो करोड़ रुपये की राशि को भी रख लें। ऐसी राशि की हमें जरूरत नहीं है।

अंत में मैं कहना चाहूंगी कि हिन्दुस्तान में सभी के लिए कानून बराबर होने चाहिए । यहां एक तरह की सभ्यता, एक तरह की संस्कृति और एक तरह की शिक्षा होनी चाहिए और हिन्दुस्तान की धरती में इस तरह के बीज बोने चाहिए जिससे कि हमारी आने वाली संतान जो फसल के रूप में उगेगी वह न हिन्दू बनेगी, न मुसलमान बनेगी, इंसान की औलाद है इंसान बनेगी। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं।

प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : सबसे पहले मैं लोक सभा के पूर्व अध्यक्ष श्री बालयोगी जी की पवित्र स्मृति में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करना चाहता हूं। मुझे इस दुखदायी अवसर पर उनके जन्म स्थान पर जाने का मौका मिला। मुझे यह देखकर सुखद आश्चर्य हुआ कि संसद का कुशलता से संचालन करते हुए अन्तर्राट्रीय सम्मेलनों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र के विकास के लिए भी समय निकाला और बहुत अच्छा काम किया। वे हमारे लिए एक उदाहरण हैं। उन जवानों को भी मैं श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने जान की बाजी लगाकर संसद को बचाया, संसद सदस्यों को बचाया।

13 दिसंबर के हमले को 90 दिन हो गए। कभी-कभी मुझे लगता है कि कहीं हम उस हमले को भूल तो नहीं रहे हैं। संसद भवन पर आघात संपूर्ण देश के लिए चुनौती था, हमारी संप्रभुता के लिए एक आह्वान था। सारे संसार में उसकी निन्दा हुई, लेकिन जो अपराधी हैं, वे अभी तक पकड़े नहीं जा सके हैं। हमारे प्रयत्न जारी हैं। विश्व में आतंकवाद के खिलाफ आवाज़ उठ रही है। उस आवाज़ को हम बल प्रदान कर रहे हैं। उन प्रयत्नों को और भी तेजी से चलाना होगा। राट्रपति जी का अभिभााण हुआ 25 फरवरी को और 27 फरवरी को गुजरात की त्रासदी हो गई। बाद में अयोध्या का विवाद उठ खड़ा हुआ। देश में रोा और चिन्ता की लहर दौड़ गई। क्या भारत अपने रास्ते से भटक जाएगा? क्या हम अपने बलिदानों से अर्जित स्वतंत्रता की अखंडता की रक्षा नहीं कर पाएँगे? लेकिन यह संतोा का विाय है कि देश संकटों को पार करता हुआ आगे बढ़ रहा है, उन पर विजय पा रहा है। यह देश की आंतरिक शक्ति है। इसका श्रेय कोई एक दल न ले और न एक दल की आलोचना से जो परिवर्तन आया है, उसका महत्व कम हो सकता है।

आज गुजरात में सबसे बड़ी आवश्यकता है पुनर्वास की। हजारों लोग कैम्पों में हैं। संसद सदस्यों का जो दल गुजरात गया था, उसने वहां की स्थिति देखी है। लोग घर जा नहीं सकते क्योंकि घर टूट गए हैं या लूट लिये गये हैं। शिविरों में पर्याप्त प्रबंध नहीं हैं। मैंने गुजरात की सरकार को सुझाव दिया है कि वह राज्यपाल की अध्यक्षता में सर्वदलीय समिति का गठन करें और जो लोग कैम्पों में रह रहे हैं, उनके लिए तत्काल समुचित प्रबंध करें। अब स्थिति में थोड़ा सा परिवर्तन हुआ है मगर पर्याप्त नहीं है। जो भी कमियां हैं, उनको दूर किया जाना चाहिए। प्रधान मंत्री सहायता कोा से भी हमने अपना योगदान देने का निश्चय किया है। गुजरात को भूकंप की ि वपत्ति सहनी पड़ी थी। जैसे उस समय सारी मानवता भूकंप से पीड़ित लोगों के लिए दौड़ पड़ी थी, उसी तरह से सारे भारत को गुजरात की त्रासदी को ठीक करने के लिए आगे बढ़कर आना चाहिए, कदम उठाना चाहिए।

इस संबंध में हम इस विवाद में न जाएं कि कैसे हुआ। जो गोधरा में हुआ, हम सब जानते हैं, लेकिन इसके बाद जो कुछ हुआ, उसका औचित्य सिद्ध नहीं हुआ। एक अपराधी, दूसरे अपराधी को दूध का धुला साबित नहीं कर सकता। प्रतिहिंसा का परिणाम कभी अच्छा नहीं होता है। मैं कहना चाहूंगा कि गुजरात के संबंध में हम लगातार निगरानी रखें और केन्द्र तथा प्रदेश, दोनों सरकारें राहत और पुनर्वास की दिशा में प्रयत्नशील हों।

मेरा एक निवेदन है कि गुजरात का वर्णन करते समय थोड़ा शब्दों के चयन में सावधानी बरती जाए। कुछ माननीय सदस्यों को ऐसे शब्दों का प्रयोग करने की आदत पड़ गई है जिनका अर्थ वे तो जरूर समझते होंगे, मगर बाकी नहीं समझते। अर्थ का अनर्थ हो जाता है। यह भावनाओं के प्रकटीकरण का स्थान है। यह शब्दों के ि वद्वत्तापूर्ण प्रदर्शन की जगह नहीं है।

मैं प्रतिपक्ष की नेता से भी कहूंगा कि गुजरात के बारे में "जैनोसाइड" शब्द का प्रयोग ठीक नहीं है। जैनोसाइड की व्यापकता अलग है। एक जाति या राट्र का नाश किया जाता है, तब इस शब्द का प्रयोग होता है। गुजरात में हिन्दू मरे, मुसलमान भी मरे। पुलिस की गोली से दोनों तरफ के लोग मरे। मैं शब्द की बात कह रहा हूं। उसके भाव को जानने की कोशिश कीजिए। इस शब्द का अन्तर्राट्रीय मंचों पर प्रयोग हो सकता है। â€¦ (व्यवधान)

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, MINISTER OF INFORMATION TECHNOLOGY AND MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI PRAMOD MAHAJAN): We heard your leader with rapt attention. This is not proper. I took special care on that day. We too had many objections to many of the things that she said. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is not only the Prime Minister, he is also the leader of the House. This is not the way.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, मैंने कहा कि अब स्थिति सुधरी है और देश अपने अन्तर्बल के ऊपर संकटों की घाटी पार कर के आगे बढ़ रहा है। अयोध्या का मामला हल हो गया। â€¦ (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : शिला-दान अब हो गया। â€¦ (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : क्या इस पर आपत्ति है ?

अध्यक्ष महोदय, पुराने अनुवों से लाभ लेकर, हमने नीतियां निर्धारित कीं। जहां कठोरता की अवश्यकता थी वहां कठोरता दिखाई और जहां जनभावनाओं का सम्मान करने की जरूरत थी, वहां जनभावनाओं का सम्मान किया।

हमने अपने दल के पार्लियामैंट के मैम्बरों को अयोध्या जाने से रोक दिया, गिरफ्तार कर लिया। मैं जानता हूं कि मेरे दल के सदस्य सुखी नहीं हैं लेकिन कर्त्तव्य है। â€¦ (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : श्री विनय कटियार चले गये हैं। â€¦ (व्यवधान)

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : विनय कटियार ने तो वहां जाकर रचनात्मक भूमिका अदा की है। मुझे भी बहुत गालियां खानी पड़ीं। संसद भवन में पर्चे बंटे â€¦ (व्यवधान) कि हिटलरशाही नहीं चलेगी । कौन हिटलर शाही चला रहा है और कौन हिटलरशाही चला सकता है ? मगर संविधान का हमने पालन कराया और पालन किया। इसके साथ शिला पूजन भी हो गया। जब आप मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं तो कुछ भेंट चढ़ाते हैं। कोई सोना-चांदी चढ़ाता है तो कोई फल-फूल चढ़ाता है। अब अगर किसी ने शिलालेख, शिला को चढ़ा दिया तो फिर उसको लेना जरूरी था। वह कहां रखा जायेगा, इसका प्रबंध करना जरूरी था। â€¦ (व्यवधान) श्री परमहंस जी बहुत नाराज हो गये थे। उन्होंने मुझसे बात करने से इंकार कर दिया लेकिन फिर उनकी नाराजगी कम हो गई और उन्होंने आशीर्वाद दे दिया कि जाओ, कई साल तुम्हारी सरकार चलेगी। â€¦ (व्यवधान) मैं नहीं जानता कि आशीर्वादों का कितना असर होता है लेकिन जब मैंने सोनिया जी को शंकराचार्य जी के सामने साटांग प्रणाम करते हुए देखा तो मुझे लगा कि इस आशीर्वाद में अवश्य ही कोई गुण है, इससे मुझे वंचित नहीं होना चाहिए। अयोध्या के विवाद को â€¦ (व्यवधान)

SHRI SOMNATH CHATTERJEE (BOLPUR): That is why she has won the last elections.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, अयोध्या के विवाद को हल करना होगा। अदालत में तेजी से मुकदमा चले, सुनवाई हो, इसका प्रबन्ध करना होगा। अदालत के बाहर राट्रीय स्तर पर, सामाजिक स्तर पर यह समस्या कैसे हल की जाये क्योंकि यह देश में साम्प्रदायिक शांति बनाए रखने में बाधक हो रही है। चुनाव में मुद्दा बन जाता है। अब चुनाव में उससे न लाभ होता है, न हानि होती है। लोग समझ रहे हैं लेकिन कोई फोड़ा पकता रहे, यह ठीक नहीं है। नासूर नहीं बनने देना चाहिए। इसके लिए जो प्रयत्न हो रहे हैं, हम उनकी सफलता चाहते हैं। उसमें योगदान देने के लिए तैयार हैं। कुछ विवाद एटार्नी जनरल की भूमिका को लेकर हुआ है। उसकी शाम को चर्चा होगी इसलिए मैं उसका उल्लेख नहीं कर रहा हूं। चर्चा अन्य वियों तक फैली थी।

राट्रपति जी के अभिभााण में विशद् रूप से देश की परिस्थिति और सरकार की नीतियां का विवेचन था। कई पहलू ऐसे हैं जिन पर सदस्यों ने अपने विचार प्रकट किये

हैं। मैं उनमें से कुछ का उल्लेख करना चाहूंगा। विरोधी दल की नेत्री ने पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का उल्लेख किया है और कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न उठाये हैं।

भारत और पाकिस्तान के संबंधों में अभी तनाव बाकी है। सीमा पार से आने वाले आतंकवादियों का तांता बिल्कुल बंद नहीं हुआ है। बर्फ पिघलने पर क्या स्थिति होती है, यह देखना पड़ेगा। अगर आतंकवादियों का प्रवेश नियंत्रण रेखा पर भी और अंतर्राट्रीय सीमा रेखा पर भी पूरी तरह से बंद होगा तो ऐसा वातावरण बन सकता है जिसमें सार्थक बातचीत के लिए रास्ता खुल जाए।

श्रीमती गांधी ने पूछा था कि बीस लोग, जिनकी पाकिस्तान से वापसी मांगी जा रही थी, उसमें कोई प्रगति हुई है या नहीं हुई है। हमारे प्रयास जारी हैं मगर उसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। वह भी एक कसौटी है कि सचमुच में आतंकवाद के खिलाफ लड़ने का इरादा है या नहीं है। हम दुनिया वालों से भी कहते हैं कि आप बार-बार हमसे यह आग्रह करते हैं, दबाव डालते हैं कि हम बातचीत शुरू करें। बातचीत करने में कोई आपत्ति नहीं है, हम तो पहले से बातचीत करते रहे हैं, उसमें विश्वास करते हैं। लेकिन बातचीत के बाद क्या है। क्या जो कुछ आपत्तिजनक कार्य होते थे, वे फिर होते रहेंगे? इस सवाल पर अंतर्राट्रीय समर्थन हमें मिलता है और जो कहते हैं कि बातचीत होनी चाहिए, वे इस बात को स्वीकार करते हैं कि आतंकवादी गतिविधियां रुकनी चाहिए।

हम सार्क के सदस्य के नाते पाकिस्तान के साथ व्यवहार कर रहे हैं। अभी सूचना मंत्रियों के सम्मेलन में श्रीमती सुामा स्वराज जी गई थीं। अपनी पाकिस्तान की यात्रा में उन्होंने भारत के पक्ष को बहुत सफलता के साथ रखा है। इसकी प्रशंसा होनी चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

श्री सोमनाथ चटर्जी : हमने की है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : दादा, आप अच्छा काम कभी-कभी करते हैं।

श्री सोमनाथ चटर्जी : आप हमेशा अच्छा काम करें, कभी-कभी में मुश्किल होती है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : पाकिस्तान के शासक का काम करने का एक ढंग है। पहले हमने काठमांडू में देखा और अभी इस्लामाबाद में देखा। वे ऐन वक्त पर कोई सरप्राइज़ घोाणा कर देते हैं। इस बार भी उन्होंने ऐसा किया है कि हम हवाई उड़ानें जारी करने के लिए तैयार हैं, आप बोलिए। सुामा जी ने कहा कि मैं लोकतंत्र की मंत्री हूं। हमारे यहां अभी मिलिट्री शासन नहीं है और मुझे औरों से सलाह करनी पड़ेगी, उत्तरदायित्व के सिद्धान्त पर मैं चलती हूं। अगर कोई ठोस प्रस्ताव हो तो उसे दीजिए, उस पर हम विचार करेंगे। प्रचार की लड़ाई में वे बाजी मारना चाहते हैं। अब हम भी होशियार हो गए हैं।

अभी गरीबी के सवाल पर सार्क देशों के मंत्रियों की बैठक होगी। यह सिलसिला चलता रहेगा और हम आशा करते हैं कि आगे जाकर पाकिस्तान और भारत के संबंधों में जो अवरोध आ गया है, उस को दूर करने में सहायता मिलेगी। मैं इस संबंध में श्रीलंका का भी उल्लेख करना चाहता हूं। श्रीलंका में एक महत्वपूर्ण राजनैतिक परिवर्तन हुआ है। उस परिवर्तन का स्वागत किया गया है। हमने आशा व्यक्त की है कि इससे वहां स्थायी शान्ति का पथ प्रशस्त करने में सहायता मिलेगी। श्रीलंका के साथ हमारी शुभकामनाएं हैं।

श्रीलंका हमारा निकटतम पड़ौसी है, सांस्कृतिक सम्बन्ध हैं, धर्म की कड़ियां भी जुड़ी हैं। वक्त पर हमने श्रीलंका की सहायता की है, अपने जवानों को खतरे में डालकर भी श्रीलंका की अखंडता सुरक्षित रहे, इसका प्रयास हुआ था। हम चाहते हैं कि श्रीलंका में समस्या सुलझे और कोई रास्ता निकले, जिससे अखंडता की रक्षा करते हुए और सब भााा-भायिों के लिए समान अवसर देने के साथ श्रीलंका प्रगति के पथ पर आगे बढ़े।

उपाध्यक्ष महोदय, इस चर्चा में कुछ आर्थिक प्रश्न भी उठाये गये हैं, जो स्वाभाविक है। वैसे तो बजट आ रहा है और उस अवसर पर सदन को आर्थिक स्थिति पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा, लेकिन एक मैं एक बात का उल्लेख करना चाहता हूं। सोमनाथ जी ने भी एक प्रश्न उठाया और हमेशा की तरह बड़े जोरदार ढंग से उठाया। श्रीमती गांधी के भााण में भी इस बात का उल्लेख था कि जो पब्लिक अंडरटेकिंग्स हैं, जो अगर फायदे में चल रहे हैं तो उन्हें क्यों बन्द किया जा रहा है। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है। जो फायदे में चल रहे हैं, उन्हें हम केवल इसलिए बन्द नहीं कर रहे कि वित्त मंत्री को अपना घाटा पूरा करने के लिए धन चाहिए, यह धारणा गलत है। इसके पीछे सोचने का एक तरीका है। अगर डिसइन्वेस्टमेंट सब घाटे के कारखानों का ही हो तो कौन खरीदेगा?

श्री सोमनाथ चटर्जी : माडर्नाइजेशन कीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : माडर्नाइजेशन के लिए धन चाहिए और धन इकट्ठा करने के लिए डिसइन्वेस्टमेंट किया जा रहा है।â€¦ (व्यवधान)

श्री बसुदेव आचार्य : नहीं हो रहा है।

श्री सोमनाथ चटर्जी : आप इसकी खबर लीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप जानते हैं कि आयरन एंड स्टील कम्पनी को फिर से रिवाइव करने के लिए मैंने मास्को तक में बात की और प्रयास किया। हम नहीं चाहते कि कोई कारखाना बन्द हो। हम नहीं चाहते कि मजदूर किसी मुसीबत का शिकार बनें, लेकिन अर्थव्यवस्था भी है।

श्री बसुदेव आचार्य : इसे कर दीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : आप तो कई बार मजदूरों की सोचते हैं और हम सारे समाज की सोचते हैं, लेकिन हम मजदूरों को भी समझाना चाहते हैं और इसमें आपकी मदद चाहते हैं।

श्री सोमनाथ चटर्जी : आप कुछ दिखलाइये तो। यह तो कर दीजिए, हां बोल दीजिए।

श्री बसुदेव आचार्य : आज आप घोाणा कर दीजिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : इस सवाल पर सचमुच में एक आम राय होनी चाहिए। आर्थिक सुधार हमने प्रारम्भ नहीं किये थे, हमें उत्तराधिकार में मिले हैं। आज तो राम नाईक जी ने गैस के बारे में कोई घोाणा की है, जहां तक मुझे बताया गया है, लेकिन आपने उसका स्वागत नहीं किया।â€¦ (व्यवधान) आप तो बहुत चाहते हैं कि सरकार न चले, चलेगी कैसे? आप पश्चिम बंगाल में उन्हीं कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिनका हम यहां कर रहे हैं और उनका सामना करना पड़ेगा।

श्री सोमनाथ चटर्जी : आपकी ज्यादा पावर है।

16.00 hrs.

हम कोई अलोकप्रियता अर्जित करके आर्थिक सुधारों के पीछे थोड़े ही पड़े हैं। लेकिन हम जानते हैं कि आज जो अलोकप्रिय है, वह कल लोकप्रिय होगा। आज जिसके लिए कठिनाई अनुभव की जा रही है, वह कठिनाई आगे जाकर लोगों की समझ में आ जाएगी कि वास्तव में वह कोई कठिनाई नहीं थी। इस कठिनाई के कारण कार वां रुकना नहीं चाहिए।

श्री सोमनाथ चटर्जी : यह रुपया मिल जाएगा इंडियन ऑयरन एंड स्टील कम्पनी को।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक महिलाओं के आरक्षण का सवाल है, अगर सब दलों की सहमति हो, हम विधेयक लाने के लिए फिर से तैयार हैं। हम तो लाए थे, लेकिन उस समय एक सुझाव आया कि आप थोड़ा सा कम कर दीजिए, घटा दीजिए, 33 प्रतिशत नहीं, थोड़ा कम करिए, उस पर एक राय बन सकती है। उसको सोनिया जी के सामने रखने में देर हुई थी। मैं उस प्रस्ताव को पुनर्जीवित कर रहा हूं और महिलाओं के लिए आरक्षण वाले विधेयक को फिर से सदन के सामने पेश करूंगा, प्रचार के लिए नहीं।

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : If any different percentage is suggested by some, let them bring an amendment. The House will decide. You cannot have it outside the House.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : I entirely agree with you.

SHRI SOMNATH CHATTERJEE : Please bring it before the House. Let us see which amendment, which percentage is passed.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मैं आपकी सलाह को 100 फीसदी मानता हूं। जरा बाईं तरफ भी आप नजर डाल लें।

श्री सोमनाथ चटर्जी : आप अपने पीछे वालों को कहें।

श्री प्रमोद महाजन : ये पीछे वालों को बोलेंगे तो वे सुनेंगे, लेकिन आपके पड़ोस में जो बैठे हैं, वे नहीं सुनेंगे।

कुंवर अखिलेश सिंह : आप पिछड़ों और दलित वर्ग की महिलाओं को इसमें आरक्षण दे दें, हम समर्थन कर देंगे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : उपाध्यक्ष महोदय, इसमें ज्यादा विलम्ब नहीं होना चाहिए। कभी-कभी ऐसा लगता है कि हम पाखंड की बात कर रहे हैं। हमारी मंशा नहीं है, हमारा इरादा नहीं है। लेकिन महिलाओं को आरक्षण से लाभ हुआ है। पंचायतों में, स्थानीय संस्थाओं में वह लाभ हमें दिखाई दे रहा है। संसद और विधान मंडलों के लिए तो महिलाओं का नेतृत्व पहले से तैयार है। स्वतंत्रता के संग्राम में जो उनमें जागृति पैदा हुई थी, उसके कारण उन्होंने योग्यता अर्जित की है। हम चाहते हैं कि इस विधेयक को लाएं और आप सबके सहयोग से यह विधेयक पारित हो।

मैं विजय कुमार जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने राट्रपति महोदय के अभिभााण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। आप सब उसका साथ दें, सहयोग करें, यह मेरी आपसे प्रार्थना है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: A number of amendments have been moved by hon. Members to the Motion of Thanks on the President's Address. Shall I put all the amendments together to the vote of the House? Or, does any hon. Member want any particular amendment to be put separately?

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): I want my amendment No.1054 to be put separately.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All the other amendments can be put together except yours.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : Sir, I moved the following amendment:

> "That at the *end* of the motion, the following be *added*, namelyâ€"
>
> "but regret that there is no mention in the Address about any proposal of Union Government's compensation to the farmers and farm labourers of the Cauvery delta where harvested and ripened crops have been severely damaged by heavy unseasonal rains in the first week of February, 2002." "

Sir, the losses were suffered by the farmers in the Cauvery delta in the summer *kuruvai* season owing to the non-implementation of the Cauvery Tribunal Award. The heavy unseasonal rains have severely damaged the winter *samba* harvest. Both the harvested crop and the *samba* crop, which was ripe for harvesting, have been damaged. While the State Government has paid a meagre compensation of Rs.2500 per hectare to some farmers against an income loss of ten times that amount, the Union Government has not done anything....(*Interruptions*) I would just finish it. I would just make two sentences. The Union Government has done nothing to compensate the State Government. When they

give it for Punjab, why can they not give it for Tamil Nadu? The Union Agriculture Minister is too preoccupied with Uttar Pradesh to visit Tamil Nadu. So, I request him to come to my constituency to see himself the position....(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the amendment number 1054 moved by Shri Mani Shankar Aiyar to the

vote of the House.

The amendment was put and negatived.

...(*Interruptions*)

SHRI MANI SHANKAR AIYAR (MAYILADUTURAI): You are the Chairman

of the Standing Committee on Agriculture. ...(*Interruptions*) This is anti-farmers. ...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put together all the other amendments, which have been moved, to the vote of the House.

...(*Interruptions*)

The amendments were put and negatived.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the main Motion to the vote of the House.

The question is:

> "That an Address be presented to the President in the following terms:-
>
> `That the members of the Lok Sabha assembled in this Session are deeply grateful to the President for the Address which he has been pleased to deliver to both Houses of Parliament assembled together on February 25, 2002'."

The motion was adopted.